एक नजर

## साठ वर्ष से पुराने जर्जर भवन में पढ़ने के लिए को मजबूर छात्र

चिन्यालीसौड़। करगिल शहीद दिनेश चंद कुमांई राजकीय इंटर कॉलेज जागत का संचालन विगत 43 वर्षों से करीब साठ वर्ष पुराने राजकीय जूनियर हाईस्कूल के भवन में किया जा रहा है। इसमें कई कमरे जर्जर हो चुके हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जर्जर कमरों को ध्वस्त कर नया भवन बनाया जाए।

अभिभावक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जगमोहन पंवार, राजेश रावत, मनवीर चौहान, लक्ष्मण कैंतूरा का कहना है कि जोगत में राजकीय जूनियर हाईस्कूल के भवन का निर्माण 1965 में किया गया था। क्षेत्र में इंटर कॉलेज स्वीकृत होने के बाद 1982 से विद्यालय का संचालन जूनियर हाईस्कूल के भवन में किया जा रहा है।

वर्तमान में विद्यालय के करीब 130 छात्र–छात्राएं करीब साठ वर्ष पुराने जर्जर भवन में पढ़ने के लिए मजबूर हैं। स्थानीय लोग कई बार जर्जर हो चुके भवनों को तोड़कर वहां पर नए भवन की मांग कर चुके हैं लेकिन इस पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हो रही है। कहा कि विद्यालय का नाम करगिल शहीद दिनेश चंद कुमांई के नाम पर रखा गया है। उनके परिजन भी कई बार शासन–प्रशासन से इस विद्यालय के भवन निर्माण की मांग कर चुके हैं।

## केवि खुलवाने के लिए भटवाड़ी क्षेत्र के लोग मुखर

उत्तरकाशी। भटवाड़ी क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना नहीं होने से लोगों में आक्रोश है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शासन–प्रशासन को कड़ा अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द केंद्रीय विद्यालय नहीं खुला तो 25 जून से भटवाड़ी में रैली के साथ अनिश्चितकालीन धरना–प्रदर्शन शुरू किया जाएगा।

प्रधान संगठन के ब्लाक अध्यक्ष रमेश सिंह नेगी, अनिल रावत ने बताया की भटवाड़ी में केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग वर्षों से लगातार उठाई जा रही है। इस संबंध में कई बार शासन–प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन भी सौंपे गए लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हो पाई है। इससे स्थानीय जनता में भारी नाराजगी है। बेहतर शैक्षणिक सुविधाओं के अभाव में अनेक छात्रों को उत्तरकाशी, देहरादून तथा अन्य शहरों की ओर रुख करना पड़ता है। इससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है। इसका सबसे अधिक प्रभाव आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भटवाड़ी में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना होने से क्षेत्र के हजारों विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध हो सकेगी।

## मौसम की मार से सेब उत्पादन में गिरावट ने बढ़ाई बागवानों की चिंता

पुरोला। रवांई घाटी के सेब उत्पादक इस बार बेहद चिंतित हैं। क्षेत्र में असमय बारिश, पाला और बार–बार हुई ओलावृष्टि ने सेब की फसल को बुरी तरह प्रभावित किया है। किसानों का कहना है कि इस बार बागों में सामान्य उत्पादन का मात्र 10 प्रतिशत सेब ही बच पाया है जिससे उनके सामने परिवार के भरण–पोषण और बैंक ऋण चुकाने की समस्या खड़ी हो गई है।

सेब उत्पादकों का कहना है कि फूल आने के समय हुई बारिश और पाले ने अधिकांश फ्लॉवरिंग को नुकसान पहुंचाया। इसके बाद जो थोड़ी–बहुत फसल बची थी वह लगातार हुई ओलावृष्टि की भेंट चढ़ गई। इससे उत्पादन काफी गिर गया है। आराकोट के सेब उत्पादक किसान मनमोहन चौहान ने बताया कि उनके बगीचे से हर वर्ष करीब दो हजार सेब के बॉक्स तैयार होते थे लेकिन इस बार 60 से 70 बॉक्स निकलना भी मुश्किल दिखाई दे रहा है।

वहीं पुरोला क्षेत्र के किसान बिजेन्द्र रावत ने कहा कि उनके बगीचे से आमतौर पर लगभग एक हजार बॉक्स उत्पादन होता था जबकि इस बार पूरे बगीचे में 20 बॉक्स सेब निकलना भी कठिन लग रहा है। प्रमोद रावत, हरीश चौहान, प्रमोद, कपिल, राजेश, मनमोहन, रामप्रसाद आदि किसानों का कहना है कि उत्पादन में भारी गिरावट के कारण बागों में किए गए दवाइयों, खाद और अन्य प्रबंधन खर्चों की लागत निकालना भी मुश्किल हो जाएगा।

## स्याना चट्टी में निर्माणाधीन बैली ब्रिज की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

बड़कोट। यमुनोत्री हाईवे पर स्याना चट्टी में निर्माणाधीन बैली ब्रिज के निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर स्थानीय लोगों ने सवाल खड़े किए हैं। आरोप है कि पुल के दोनों ओर बनाए जा रहे पिलर और सीसी ब्लॉक निर्माण में मानकों की अनदेखी की जा रही है। ब्लॉक में खुलेआम बड़े पत्थरों का इस्तेमाल किया जा रहा है जिससे निर्माण की मजबूती पर संदेह पैदा हो गया है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह पुल चारधाम यात्रा के दौरान प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों के आवागमन का प्रमुख माध्यम बनेगा। इसके अलावा क्षेत्रीय लोगों की आवाजाही भी इसी पुल पर निर्भर रहेगी। ऐसे में निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही भविष्य में गंभीर खतरा साबित हो सकती है।

गत वर्ष आपदा के दौरान स्याना चट्टी क्षेत्र में जलभराव और बाढ़ से भारी नुकसान हुआ था। आगामी बरसात को देखते हुए सुरक्षा के मद्देनजर राष्ट्रीय राजमार्ग की ओर से यहां वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में बैली ब्रिज का निर्माण कराया जा रहा है लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण एजेंसी गुणवत्ता मानकों का पालन नहीं कर रही है और पुल के दोनों ओर बनने वाले पिलर की मजबूती को लेकर आवश्यक सावधानी नहीं बरती जा रही है।

## प्लास्टिक की पन्नी में उगा रहे शिमला मिर्च के पौधे

पहाड़पानी (नैनीताल)। ओलावृष्टि और धूप से शिमला मिर्च के पौधों की जड़ें बचाने के लिए धारी क्षेत्र के किसानों ने पहली बार प्लास्टिक की पन्नी का इस्तेमाल शुरू किया है। किसान खेत में बड़े साइज की पन्नी बिछाकर बीच–बीच में पौधों के लिए छेद बनाकर पौधे उगा रहे हैं।

दीनी मल्ली के किसान दीपू खोलिया ने बताया कि पन्नी में छेद बनाकर मिर्च के पौधे लगाने के बाद से फसलों की ग्रोथ में काफी वृद्धि हुई है। गांव के शेखर दुम्का ने बताया कि प्लास्टिक में शिमला मिर्च की अच्छी पैदावार हो रही है। उन्होंने कहा कि इससे धूप और ओलावृष्टि के समय भी पौधों को अधिक नुकसान नहीं होता है। फसलें भी जल्दी तैयार हो रही हैं। महतोलियागांव के किसान ललित महतोलिया ने कहा कि प्लास्टिक की पन्नी में शिमला मिर्च के पौधे लगाने के बाद गुड़ाई नहीं करनी पड़ती है। खरपतवार की समस्या भी दूर होती है। राजू बहुगुणा ने कहा कि पहली बार इस तकनीक से किसानों को लाभ हुआ है। सिंचाई के लिए पानी की भी अधिक जरूरत नहीं पड़ रही है।

# श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता, अफवाहों से बचें : धामी

### कर्णप्रयाग और नगरासू प्रकरण में निष्पक्ष कार्रवाई जारी, दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को सचिवालय में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि चारधाम एवं हेमकुंट साहिब यात्रा पर आने वाले सभी श्रद्धालुओं की सुख-सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने वालों से अपील की कि वे समाज और समुदायों को बांटने का प्रयास न करें। कहा कि सभी धर्मों के लोगों ने मिल-जुलकर देश को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भ्रामक और भड़काऊ खबरें फैलाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशभर में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का देवभूमि उत्तराखण्ड में हार्दिक स्वागत है। कहा कि उत्तराखण्ड आस्था, संस्कृति और प्रकृति की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों से अपील की कि वे देवभूमि उत्तराखण्ड के शांत वातावरण में अपनी यात्रा का पूर्ण आनंद लें तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्णप्रयाग और नगरासू में सामने आई घटनाओं के संबंध में सभी पक्षों को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार, प्रशासन एवं पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं। जांच में जो भी दोषी पाया गया है, उसके विरुद्ध कार्रवाई की गई है तथा सभी तथ्यों के आधार पर आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में चारधाम यात्रा के साथ-साथ हेमकुंट साहिब यात्रा भी सुचारु रूप से संचालित हो रही है। चारधाम यात्रा में अब तक 40 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। वहीं, हेमकुंट साहिब यात्रा के शुरुआती दिनों में ही श्रद्धालुओं की संख्या पिछले वर्ष की तुलना में 25 हजार अधिक दर्ज की गई है। इस अवसर पर बदरी-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, हेमकुंट साहिब प्रबंधन ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेन्द्रजीत सिंह बिन्द्रा, मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन, अपर मुख्य सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव गृह शैलेश बगौली, पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ, सचिव विनय शंकर पाण्डेय, डीजी अभिसूचना एवं सुरक्षा अभिनव कुमार, आईजी श्रीमती रिद्धिम अग्रवाल, अपर सचिव बंशीधर तिवारी, अपर सचिव श्रीमती तृप्ति भट्ट उपस्थित थे।



## डीएम के निर्देश, सभी कोचिंग सेंटरों में होगी अग्निसुरक्षा मानकों की जांच




देहरादून : जिले के सभी कोचिंग सेंटरों में अग्निसुरक्षा मानकों की जांच की जाएगी। इस संबंध में जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं। सभी जगहों पर पुलिस और अग्निशमन विभाग के साथ मिलकर अभियान चलाया जाएगा। मानकों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए हैं। लखनऊके कोचिंग सेंटर में आग लगने से हुई 15 बच्चों की मौत की घटना ने पूरे देश में कोचिंग सेंटरों में बच्चों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। देहरादून शहर में भी कई ऐसे कोचिंग सेंटर हैं जो संकरी गलियों और छोटे–छोटे मकानों में चल रहे हैं। कई बड़े कोचिंग सेंटर भी ऐसे हैं जो कि किसी दुकान में संचालित हो रहे हैं। ऐसे में यहां कभी कोई हादसा न हो इसके लिए प्रशासन ने फायर सेफ्टी ऑडिट करने का निर्णय लिया है।

जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने बताया कि छात्रों की सुरक्षा के प्रति प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसके लिए सभी कोचिंग सेंटरों में एक विशेष टीम बनाकर अग्निसुरक्षा मानकों की जांच की जाएगी। सभी उप जिलाधिकारियों को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। पुलिस के साथ समन्वय बनाकर पूरी कार्रवाई को किया जाएगा। इसमें फायर सेफ्टी के इंतजाम और कोचिंग सेंटरों में आने जाने वाले रास्तों को भी देखा जाएगा। नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## देहरादून के कई थानों को बम से उड़ने की धमकी



देहरादून , जिले में कई पुलिस थानों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। यह धमकी एक इंस्टाग्राम आईडी से पोस्ट के जरिए दी गई बताई जा रही है। सोशल मीडिया पर वायरल हुई इस पोस्ट के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया। मसूरी और देहरादून शहर कोतवाली सहित संबंधित थानों में प्राथमिक जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस साइबर सेल की मदद से इंस्टाग्राम आईडी की जांच की जा रही है और पोस्ट करने वाले व्यक्ति की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सुरक्षा के मद्देनजर संवेदनशील स्थानों पर निगरानी भी बढ़ा दी गई है।

**मसूरी नगर पालिका कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी,**

मसूरी नगर पालिका परिषद और प्रशासन को ई–मेल के माध्यम से बम विस्फोट की धमकी मिलने से हड़कंप मच गया। प्राप्त ई–मेल में मसूरी नगर पालिका अध्यक्ष मीरा सकलानी के कार्यालय सहित देहरादून और दिल्ली के विभिन्न स्थानों पर बम विस्फोट करने की धमकी दी गई है।

धमकी भरे ई–मेल में मसूरी नगर पालिका कार्यालय में दोपहर 3:11 बजे विस्फोट करने का उल्लेख किया गया है। इसके अलावा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा देहरादून और दिल्ली के विभिन्न सरकारी प्रतिष्ठानों को भी निशाना बनाने की बात कही गई है। ई–मेल में धार्मिक स्थलों, रेलवे स्टेशनों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर हमले की भी धमकी दी गई है।

## पुलिस की गाड़ी खाई में गिरी, चौकी प्रभारी की मौत



देहरादून। थाना मुनि की रेती क्षेत्र की शिवपुरी पुलिस चौकी के प्रभारी विनोद कुमार शर्मा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। उनके असामयिक निधन से पुलिस महकमे और रानीपोखरी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रानीपोखरी निवासी विनोद कुमार शर्मा बीती रात थाना मुनि की रेती से ड्यूटी पूरी कर अपने वाहन से शिवपुरी चौकी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। दुर्घटना का पता पुलिस प्रशासन को काफी देर बाद चल सका।

सूचना मिलते ही पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचे तथा कड़ी मशक्कत के बाद उनका शव खाई से बाहर निकाला गया। विनोद कुमार शर्मा पूर्व में भारतीय सेना में भी अपनी सेवाएं दे चुके थे। पुलिस विभाग में उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाईं और ढालवाला और कैलाश गेट चौकी प्रभारी के रूप में भी कार्य किया। अपनी विनम्रता, कर्तव्यनिष्ठा और मृदुभाषी स्वभाव के कारण वह पुलिस कर्मियों और आम जनता के बीच बेहद लोकप्रिय थे।

## इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम में भीषण आग

सप्तऋषि। भूपतवाला क्षेत्र में प्राचीन श्रीराम मंदिर आश्रम के सामने स्थित एक इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम में सोमवार देर रात भीषण आग लग गई। आग की चपेट में आने से शोरूम में खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी, स्पेयर पार्ट्स, बैटरियां, टायर, कंप्यूटर सिस्टम समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट मानी जा रही है। बालाजी मोटर्स के संचालक बालेश कुमार ने बताया कि वह रात करीब 10 :30 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। करीब 11 :30 बजे पड़ोसियों का फोन आया कि उनकी दुकान में आग लगी हुई है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचे। इस बीच खड़खड़ी चौकी पुलिस भी पहुंच गई और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की तीव्रता अधिक होने के कारण दो छोटे सिलिंडर भी तुरंत खाली हो गए। उन्होंने बताया कि अग्निशमन विभाग को सूचना दी गई, जिसके बाद मायापुर फायर स्टेशन से दमकल वाहन करीब 12 :30 बजे मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पाया।

## लालपुल के पास सिटी बस ने छह मजदूरों को कुचला, एक की मौत



देहरादून ,,देहरादून के पटेलगनर लालपुर क्षेत्र में एक सिटी बस ने छह मजदूरों को कुचल दिया। इलाज के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई। जबकि अन्य पांच की हालत नाजुक है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस ने सड़क किनारे चल रहे लोगों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई और स्थानीय लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। मिली जानकारी के अनुसार बस चालक को दौरा पड़ा था। चालक फिलहाल पुलिस हिरासत में है। हादसा इतना दर्दनाक था कि मौके पर चीख–पुकार मच गई और घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की टक्कर से छह से अधिक लोग बुरी तरह घायल हो गए। हादसे के बाद सड़क पर लंबा जाम लग गया और राहगीरों में अफरा–तफरी का माहौल बन गया।

## काशीपुर में एक ही जमीन की 5 बार हुई रजिस्ट्री



हल्द्वानी। जमीनों की खरीद–बिक्री बढ़ने के साथ ही धोखाधड़ी के मामले भी बढ़ रहे हैं। हल्द्वानी के कठघरिया क्षेत्र में एक ही प्लाट की पांच बार रजिस्ट्री कर खरीदारों को माफिया ने चूना लगाया गया।

इसमें सेना से सेवानिवृत्त होकर आए एक जवान को भी ठगा गया। काशीपुर में भी कुछ ऐसा ही हुआ, जिसमें एक प्लाट की रजिस्ट्री चार बार कराकर आम लोगों को लूटा गया। रुद्रपुर में तो भूमाफिया ने करीब तीन बीघा नजूल भूमि प्लाटिंग कर बेच दी।

ये कुछ उदाहरण हैं। नैनीताल, ऊधम सिंह नगर और अल्मोड़ा जिले के ऐसे ही 30 मामलों में लैंड फ्राड समन्वय समिति ने प्राथमिक दर्ज कराने की संस्तुति की है।

हल्द्वानी सर्किट हाउस में मुख्यमंत्री के सचिव एवं कुमाऊंकमिश्नर दीपक रावत की अध्यक्षता में लैंड फ्राड समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें भूमि संबंधित फर्जीवाड़े के 77 मामलों की समीक्षा की गई। जिसमें अल्मोड़ा के एक, ऊधम सिंह नगर 12 और नैनीताल के 17 लैंड फ्राड से जुड़े मामलों में केस दर्ज कराने को कहा गया। कमिश्नर ने अधिकारियों को मामलों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के सख्त निर्देश दिए।

## नैनीताल की चार समस्याओं से राज्यपाल को रूबरू कराया

नैनीताल। मां नयना देवी व्यापार मंडल नैनीताल के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को लोकभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) से शिष्टाचार भेंट की। संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन और उपाध्यक्ष विकास जायसवाल के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने राज्यपाल को नैनीताल की समस्याओं से अवगत कराते हुए मांग पत्र सौंपा। व्यापार मंडल ने राज्यपाल के सम्मुख नैनीझील में गिर रहे सीवर का मुद्दा उठाया। साथ ही क्षतिग्रस्त लोअर मॉल रोड के सुदृढ़ीकरण कार्य में हो रही देरी पर चिंता जताई। उन्होंने बताया कि अपर मॉलरोड पर दबाव बढ़ गया है जिससे वहां भी दरारें (क्रैक्स) उभर आई हैं। आगामी मानसून को देखते हुए यह स्थिति बेहद खतरनाक है जिससे स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों को भारी असुविधा हो रही है।

प्रतिनिधिमंडल ने पाइंस श्मशान घाट के जीर्णोद्धार में आ रही विभागीय अड़चनों को दूर करने और बोट हाउस क्लब के सामने वाले पार्क को सेंट्रल पार्क के रूप में विकसित करने की मांग की। व्यापार मंडल ने इस पार्क को गोद लेकर इसकी देखरेख का जिम्मा स्वयं उठाने का प्रस्ताव भी रखा।

## नैनीताल में मीडिया सेंटर बनेगा

,नैनीताल। संयुक्त निदेशक सूचना नितिन उपाध्याय ने सोमवार को जिला सूचना कार्यालय नैनीताल का निरीक्षण किया। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से संवाद किया और नैनीताल में मीडिया सेंटर के निर्माण हेतु भूमि चयन कर प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर नीति भी जल्द लागू की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान उपाध्याय ने कार्यालय की व्यवस्थाओं और प्रचार–प्रसार कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने पत्रकारों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाने में मीडिया की भूमिका पर चर्चा की। उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की घोषणा के अनुसार आधुनिक मीडिया सेंटर की स्थापना पर तेजी से काम हो रहा है। उन्होंने जिला सूचना अधिकारी को नैनीताल में मीडिया सेंटर के लिए भूमि चयन का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। पत्रकारों ने चिकित्सा सुविधा के लिए अनुबंधित अस्पतालों की संख्या बढ़ाने और मान्यता संबंधी मुद्दे उठाए। उपाध्याय ने आश्वासन दिया कि पत्रकारों के कल्याण के लिए सरकार कटिबद्ध है।

## चोरी की मोटर साइकिल के साथ एक गिरफ्तार

रबहादराबाद। पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ आरोपी विकास उर्फ टैटू निवासी झबरेड़ा को गिरफ्तार किया है। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया कि सोमवार को बाजार चौकी प्रभारी टीम के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। पीपल चौक की ओर से आ रहे एक संदिग्ध को मोटरसाइकिल रोकने का इशारा किया तो वह भागने की कोशिश करने लगा। पीछा करते हुए उसे कुछ दूरी पर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम विकास उर्फ टैटू बताया। कबूल किया कि उसने मोटरसाइकिल दीप पब्लिक स्कूल के पास से चोरी की थी।

## वन्यजीवों के लिए प्रदेश में बनेंगे 10 ट्रांजिट सेंटर



देहरादून। राज्य में मानव–वन्यजीव संघर्ष की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर 10 नए ट्रांजिट सेंटर बनाने की योजना बनाई गई है। इसमें भालू के लिए भी बाड़ा तैयार किया जाएगा, जिससे उनको भी रखने की व्यवस्था हो। बीतें एक साल में भालू के हमले की 116 घटनाएं हुई हैं।

इसमें आठ लोगों की मृत्यु हुई है। अभी राज्य में सिर्फ हरिद्वार चिड़ियापुर में ट्रांजिट सेंटर है। हाल के वर्षों में वन्यजीवों के हमलों की घटनाएं बढ़ी है, ऐसे में ट्रांजिट सेंटर बनाने का फैसला किया गया। इसमें 80 तेंदुओं को रखने की क्षमता होगी।

अपर प्रमुख वन संरक्षक विवेक पांडे ने बताया कि योजना स्वीकृत होने के बाद उसके डिजाइन को केंद्रीय चिड़ियाघर के पास मंजूरी करने के लिए भेजा गया है। अल्मोड़ा मिनी चिड़ियाघर और रेस्क्यू सेंटर को अलग–अलग किया जाएगा। डीएफओ प्रदीप धौलखंडी ने बताया कि यहां रेस्क्यू सेंटर की क्षमता बढ़ाने की भी योजना है।

एक नजर

## गुमखाल के समीप खाई में मिला श्रमिक का शव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जहरीखाल स्थित एक निर्माणाधीन होटल में काम कर रहे श्रमिक का गुमखाल के समीप खाई से शव बरामद हुआ है। श्रमिक पिछले तीन दिन से लापता चल रहा था।

मंगलवार दोपहर पुलिस को सूचना मिली कि गुमखाल के समीप खाई में एक शव पड़ा हुआ था। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाते हुए शव को खाई से बाहर निकाला। आसपास पूछताछ करने पर मालूम हुआ कि व्यक्ति जहरीखाल में बन रहे एक होटल में मजदूरी का काम करता था। 20 जून की शाम वह सामान लेने के लिए गुमखाल गया हुआ था। लेकिन, वापस नहीं लौटा। जिसके बाद अन्य श्रमिक भी लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। मृतक की पहचान पश्चिम बंगाल कुमारंगज निवासी (39) रबीउलहक पुत्र कमरूल हम के रूप में हुई है।

## नीट परीक्षा की धांधली पर कांग्रेस ने जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने, परीक्षाओं में कथित धांधली, भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के मामलों को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसडीएम शालिनी मौर्य के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में कहा कि नीट परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने और विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सामने आए पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। उन्होंने मांग की है कि मामले की जांच उच्चतम न्यायालय की निगरानी में या सीबीआई से कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। ज्ञापन में कहा गया है कि हाल के वर्षों में प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली, पेपर लीक और कुप्रबंधन के कई मामले सामने आए हैं। इसके चलते परीक्षाएं बार-बार रद्द हो रही हैं और परिणामों में भी देरी हो रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस नगर अध्यक्ष रोशन शाह, पूर्व अध्यक्ष गंभीर सिंह रावत, राजेश अग्रवाल, राजेश्वर गुप्ता, प्रेम सिंह रावत और महबूब आलम आदि शामिल रहे।

## बस की चपेट में आने से बाईक सवार तीर्थयात्री की मौत, एक गंभीर

श्रीनगर गढ़वाल : ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर पंतगांव शिवमूर्ति के पास बस की चपेट में आने से बाइक सवार तीर्थयात्री की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लुधियाना पंजाब से दो बाइक सवार युवक ऋषिकेश की ओर से हेमकुंड साहिब के दर्शन के लिए जा रहे थे। शिवमूर्ति के समीप ऋषिकेश से बदरीनाथ की ओर जा रही एक बस की चपेट में आने से बाइक का संतुलन बिगड़ गया। युवक सीधे बस के टायर के नीचे आ गया और उसकी मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक बाइक से छिटककर दूर जा गिरा। इससे उसकी जान तो बच गई, लेकिन वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान बलवीर सिंह (35) पुत्र तरलोक सिंह, निवासी सुनेत, लुधियाना के रूप में हुई है। घायल युवक कर्मजीत सिंह (33) पुत्र बलवीर सिंह, निवासी भिंड जारखड, लुधियाना को पुलिस ने बेस अस्पताल श्रीनगर में भर्ती करवाया है। (एजेंसी)

## बीएड व पीजी प्रवेश परीक्षा परिणाम जल्द घोषित करने की तैयारी

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय की बीएड एवं पीजी प्रवेश परीक्षाओं (यूईटी) का परिणाम घोषित करने की तैयारी शुरू हो गई है। गत 17 से 20 जून तक विवि के तीनों परिसरों सहित देहरादून, रुड़की व ऋषिकेश परीक्षा केंद्र पर गढ़वाल विवि की प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें पंजीकृत कुल 13,900 अभ्यर्थियों में से 11,560 से अभ्यर्थी शामिल हुए थे। अब विवि की ओर से इस परीक्षा की उत्तर कुंजी जारी कर दी गई है। विवि के कुलसचिव प्रो. वाईपी रैवानी ने बताया कि विवि की ओर से यूईटी 2026-27 की आधिकारिक उत्तर कुंजी जारी कर दी है। उत्तर कुंजी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी उत्तर कुंजी का अवलोकन करें व किसी प्रश्न के उत्तर पर आपत्ति होने पर 25 जून से 28 जून तक आवश्यक साक्ष्यों सहित पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं। आपत्तियों के निस्तारण के बाद अंतिम उत्तर कुंजी और परिणाम जारी किए जाएंगे। विवि के प्रवेश परीक्षा समन्वयक डॉ. प्रीतम सिंह नेगी ने बताया कि विवि का प्रयास है कि नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने से पहले ही प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया जाए ताकि प्रवेश एवं काउंसिलिंग प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। (एजेंसी)

## लक्ष्य आधारित दबाव और उत्पीड़न के विरोध में ग्रामीण डाक सेवकों ने किया प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी** : अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ ने ग्रामीण डाक सेवकों पर बढ़ते लक्ष्य आधारित दबाव और उत्पीड़न के विरोध में केंद्र सरकार के खिलाफ सांकेतिक प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्मिकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। संघ ने डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों को तत्काल समाप्त करने की मांग की। मंगलवार को जिला मुख्यालय में प्रधान डाकघर परिसर में अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के आह्वान पर ग्रामीण डाक सेवकों ने सांकेतिक धरना दिया। संघ के मंडलीय अध्यक्ष विजय नैथानी व मंडलीय सचिव प्रेम सिंह भंडारी ने बताया कि जनपद में प्रधान डाकघरों से लेकर ग्रामीण डाकघरों में ग्रामीण डाक सेवकों की भूमिका महत्वपूर्ण है। विपरीत परिस्थितियों में लगातार ग्रामीण डाक सेवक बेहतर सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन गत वर्षों से डाक विभाग में खाता खोलने और पीएलआई को लक्ष्य आधारित बना दिया गया है। लक्ष्य हासिल नहीं होने पर कार्मिकों का उत्पीड़न किया जा रहा है, जिससे कार्मिक तनाव में हैं। उन्होंने लक्ष्य को आधार बनाए जाने पर तत्काल रोक लगाए जाने की मांग की। संघ ने ग्रामीण डाक सेवकों को आठवें वेतन आयोग में शामिल किए जाने, शाखा डाकघरों में स्टेशनरी की पूर्ति किए जाने, जीडीएस कार्मिकों को अवकाश दिए जाने पर उसे सेवा में जोड़े जाने सहित अन्य मांगों के निराकरण की मांग की। प्रदर्शनकारियों में मंडलीय कोषाध्यक्ष रमेश चंद्र, श्रीधर प्रसाद, कैलाश रावत, प्रकाश नौडियाल, सुषमा देवी, लता देवी, शांति देवी, दिनेश रावत आदि शामिल रहे।

# कोटद्वार में चोरी की दो वारदातों का खुलासा, पिल्ला गैंग के छः सदस्य दबोचे

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र में हाल ही में हुई चोरी की दो घटनाओं का कोटद्वार पुलिस ने खुलासा करते हुए पिल्ला गैंग के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो किशोर भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से चोरी की गई करीब 2.5 लाख रुपये कीमत की रोलेक्स घड़ी समेत अन्य सामान बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार हरिद्वार क्षेत्र निवासी प्रदीप कुकरेती ने 19 जून को कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि तीन जून को परिवार सहित बाहर जाने के दौरान उनके बंद मकान का ताला तोड़कर चोर कीमती सामान ले गए। वहीं 21 जून को जल निगम कॉलोनी में रहने वाले अधिशासी अभियंता अजय बेलवाल ने भी अपने सरकारी आवास में चोरी होने की सूचना पुलिस को दी थी। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने जांच शुरू की। घटनास्थलों और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्धों की पहचान कर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी गई। जांच के दौरान सामने आए सुरागों के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पिल्ला गैंग के छः सदस्यों को पकड़ लिया। कोतवाली प्रभारी प्रदीप नेगी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में कौड़िया निवासी प्रमिंद्र उर्फ पप्पी, सूर्यानगर निवासी अमन कुमार, सजवान कॉलोनी निवासी सुरेंद्र उर्फ सनम और नजीबाबाद निवासी तस्लीम अहमद उर्फ काला शामिल हैं। इसके अलावा दो नाबालिगों को भी संरक्षण में लिया गया है। पुलिस ने आरोपितों से रोलेक्स कंपनी की घड़ी, इन्वर्टर, बैटरी, गैस सिलिंडर, एलसीडी टीवी सहित अन्य चोरी का सामान बरामद किया है। सभी आरोपितों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।




चोरी की घटनाओं का खुलासा करने के बाद गिरफ्तार आरोपितों के साथ कोटद्वार पुलिस।

# महिला तकनीशियन के अभाव में बेस अस्पताल की मैमोग्राफी लैब शुरू होने में देरी




कोटद्वार का बेस अस्पताल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : स्तन कैंसर की शुरुआती पहचान के लिए कोटद्वार बेस अस्पताल में स्थापित अत्याधुनिक मैमोग्राफी लैब फिलहाल शुरू नहीं हो पाई है। लैब पूरी तरह तैयार होने के बावजूद महिला तकनीशियन की नियुक्ति न होने से इसका संचालन टल गया है। अस्पताल प्रशासन ने तकनीशियन की तैनाती के लिए स्वास्थ्य निदेशालय को पत्र भेजा है।

अब तक क्षेत्र की महिलाओं को स्तन कैंसर की जांच कराने के लिए दिल्ली के एम्स समेत अन्य बड़े अस्पतालों का सहारा लेना पड़ता था। लंबे समय से क्षेत्र में मैमोग्राफी सुविधा की मांग की जा रही थी, क्योंकि जांच सुविधा के अभाव में कई मामलों में बीमारी का समय पर पता नहीं चल पाता था। भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत करीब 1.20 करोड़ रुपये की लागत से बेस अस्पताल परिसर में इमरजेंसी वार्ड के सामने स्थित बेसमेंट में मैमोग्राफी लैब स्थापित की है। इससे पहले भी इसी परिसर में एमआरआई, सीटी स्कैन और एक्स-रे जैसी आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा चुकी हैं।

मई के अंतिम सप्ताह में मैमोग्राफी मशीन और लैब की स्थापना का कार्य पूरा हो गया था, लेकिन तीन सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी महिला तकनीशियन की नियुक्ति नहीं हो सकी है। इसके चलते मरीजों को इस महत्वपूर्ण सुविधा का लाभ मिलने में देरी हो रही है। बेस अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विजय सिंह ने बताया कि मैमोग्राफी लैब के संचालन के लिए महिला तकनीशियन की तैनाती आवश्यक है। इसके लिए स्वास्थ्य निदेशालय को पत्र भेजा गया है। तकनीशियन की नियुक्ति होते ही लैब का विधिवत उद्घाटन कर सेवाएं शुरू कर दी जाएंगी।

# कूड़ा निस्तारण की स्थायी व्यवस्था की मांग, पार्षदों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र में कूड़ा निस्तारण की समस्या के स्थायी समाधान की मांग को लेकर पार्षदों ने नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि वर्तमान में शहर के सभी 40 वार्डों का कूड़ा गाड़ीघाट स्थित अस्थायी कूड़ा निस्तारण केंद्र में डाला जा रहा है, जिससे आसपास के क्षेत्रों में दुर्गंध और पर्यावरणीय समस्याएं बढ़ रही हैं।

मंगलवार को पार्षद जयप्रकाश ध्यानी और अनिल रावत के नेतृत्व में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने तहसील पहुंचकर प्रभारी तहसीलदार राजेंद्र सनवाल के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया कि नगर निगम क्षेत्र के विस्तार और बढ़ती आबादी के चलते मौजूदा कूड़ा निस्तारण व्यवस्था पर अत्यधिक दबाव पड़ रहा है। पार्षदों ने मांग की कि नगर निगम क्षेत्र में वैज्ञानिक तरीके से नए कूड़ा निस्तारण केंद्र स्थापित किए जाएं, ताकि कूड़े के निस्तारण का भार एक ही स्थान पर न पड़े और सभी वार्डों में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर ढंग से संचालित हो सके। उनका कहना था कि शहर की जनसंख्या लगातार बढ़ रही है, ऐसे में भविष्य की जरूरतों को देखते हुए अतिरिक्त कूड़ा निस्तारण केंद्रों की स्थापना समय की मांग है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले समय में कूड़ा प्रबंधन की समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। इस अवसर पर पार्षद हिमांशु वर्मा, वीरेंद्र बुड़ाकोटी, दीपक पांडे, अरविंद बनियाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पांच गांवों में 14 घंटे गुल रही बिजली

श्यामपुर। ऊर्जा निगम की लापरवाही से श्यामपुर, कांगड़ी, गाजीवाली, सजनपुर और बाहर पीली में सोमवार देर रात से लेकर मंगलवार दोपहर तक बिजली गुल रही। भीषण गर्मी के बीच करीब 14 घंटे तक बिजली न आने से ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया। सबसे ज्यादा परेशानी मासूम बच्चों और बुजुर्गों को झेलनी पड़ी। सोमवार रात 11:15 बजे अचानक बिजली चली गई जो अगले दिन मंगलवार दोपहर 1:30 बजे तक पूरी तरह बाधित रही। रात के अंधेरे और उमस भरी गर्मी के कारण लोग रातभर सो नहीं सके।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे समस्त अभिलेखों में मेरा नाम बबीता देवी अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड सं0- 8378 7008 6244 में मेरा नाम बसंती देवी अंकित है। मेरा सही नाम बबीता देवी है, जो कि सत्य व सही है। मैं उक्त आधार कार्ड में अपना सही व सत्य नाम बबीता देवी संशोधित करवाना चाहती हूं।

**बबीता देवी पत्नी दर्शन सिंह ग्राम कैन्यूर, पोस्ट थलीसैण, पट्टी चोपडाकोट, तहसील थलीसैण, जिला पौडी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि समस्त अभिलेखों में मेरा नाम कान्ती देवी पत्नी सुरेन्द्र सिंह अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड सं0- 9875 5500 0303 में मेरा नाम बचुली देवी पत्नी सुरेन्द्र सिंह अंकित है। मेरा सही नाम कान्ती देवी पत्नी सुरेन्द्र सिंह नेगी है। मैं उक्त आधार कार्ड में अपना सही व सत्य नाम कान्ती देवी पत्नी सुरेन्द्र सिंह नेगी संशोधित करवाना चाहती हूं।

**कान्ती देवी पत्नी सुरेन्द्र सिह नेगी, ग्राम उडेली/ग्वारी, पोस्ट कुल्याणी, पट्टी चोपडाकोट, तहसील धलीसैण, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**


चाई महोत्सव में बिखरे लोक संस्कृति के रंग,

# बेटियों और महिलाओं की प्रस्तुति ने जीता दिल




चाई महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देतीं स्कूली छात्राएं।

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार** : विकासखंड जयहरीखाल के ग्राम चाई में आयोजित महोत्सव के दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। महिलाओं और स्कूली बच्चों ने लोकगीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। साथ ही गांव के समग्र विकास के लिए स्थानीय स्तर पर योजनाएं तैयार करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

महोत्सव के दूसरे दिन का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पूनम नेगी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि चाई गांव अपनी अभिनव सोच और जनसहभागिता के कारण आज राज्य ही नहीं, बल्कि देशभर में एक मिसाल बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास की योजनाएं स्थानीय जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ग्रामीणों की सहभागिता से तैयार की जानी चाहिए। ग्राम प्रधान अंजू गुसांई ने कहा कि पहाड़ की प्राकृतिक संपदा और संसाधनों का संरक्षण समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा से ही पहाड़ का अस्तित्व सुरक्षित रह सकता है। पहाड़ी संस्कृति, सामाजिक ताना-बाना और परंपराएं हमारी अमूल्य धरोहर हैं, जिन्हें सहेजने की जिम्मेदारी हम सभी की है। कार्यक्रम में वक्ता सच्चिदानंद बुड़ाकोटी ने कहा कि चाई गांव के लोग सामूहिक सोच और प्रयासों के बल पर विकास की नई इबारत लिख रहे हैं। ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी से गांव में कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। गोष्ठी के बाद आयोजित सांस्कृतिक संध्या में महिलाओं और स्कूली बच्चों ने गढ़वाली, कुमाऊंनी तथा हिंदी गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। लोक संस्कृति की झलक से सजे कार्यक्रमों को दर्शकों ने खूब सराहा और कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर क्षेत्र पंचायत सदस्य मीनाक्षी बुड़ाकोटी, दीपक बुड़ाकोटी, ग्राम प्रधान अशोक बुड़ाकोटी, डॉ. पदमेश बुड़ाकोटी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## 28 जून से शुरू होगा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान, 4 जुलाई तक घर-घर पहुंचेंगी स्वास्थ्य टीमें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : राजकीय बेस चिकित्सालय की ओर से 28 जून से 4 जुलाई तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। अभियान की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए 25 जून को उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ अभियान की रणनीति और व्यवस्थाओं पर चर्चा की जाएगी। राजकीय बेस चिकित्सालय के प्रमुख अधीक्षक डॉ. विजय सिंह ने बताया कि 27 जून को बूथ कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि टीकाकरण कार्यक्रम को प्रभावी ढंग से संचालित किया जा सके। उन्होंने बताया कि 28 जून को विभिन्न बूथों पर पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित होगा। इसके बाद 29 जून से 4 जुलाई तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। स्वास्थ्य विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलाएं और अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।

# घर पहुंचा चौकी प्रभारी का पार्थिव शरीर, गमगीन हुआ माहौल



ऋषिकेश , ऋषिकेश की शिवपुरी पुलिस चौकी में तैनात चौकी प्रभारी विनोद शर्मा की ड्यूटी से लौटते समय आज सड़क हादसे में मौत हो गई। उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक आवास घमंडपुर रानीपोखरी लाया गया। उनका पार्थिव शरीर उनके घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। माता–पिता, पत्नी व बच्चों का रो–रो कर बुरा हाल है। सूचना पाकर सैकड़ो क्षेत्रवासी उनके घर पहुंचे और शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। वहीं, पुलिस के जवानों व अधिकारियों द्वारा विनोद शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जिसके बाद गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। उसके बाद तिरंगे में लपेटकर उनके पार्थिव शरीर को सम्मान के साथ पूर्णानंद घाट, ऋषिकेश के लिए ले जाया गया।

## बारिश ने रोकी केदारनाथ यात्रा की रफ्तार

केदारनाथ/फाटा। लगातार बारिश का असर अब केदारनाथ यात्रा पर दिखने लगा है। बीते माह जहां धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही थी वहीं खराब मौसम के कारण अब यात्रियों की संख्या कम हो रही है। यात्रा से जुड़े कारोबारियों के अनुसार शुरुआती दिनों में प्रतिदिन करीब 25 हजार श्रद्धालु धाम पहुंच रहे थे। लगातार वर्षा के बाद यह संख्या घटकर सात हजार तक सिमट गई है। मौसम खराब होने से कई श्रद्धालुओं ने यात्रा टाल दी है। बारिश का असर स्थानीय कारोबार पर भी पड़ा है। टेंट संचालकों ने सामान समेटना शुरू कर दिया है। वहीं घोड़ा–खच्चर, डोली और पालकी संचालकों का एक वर्ग भी घर लौटने लगा है। स्थानीय व्यापारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि केदारनाथ में रोज शाम को बारिश हो रही है। इससे भूस्खलन और पत्थर गिरने का खतरा बना रहता है। जहां पहले हेलिपैड से मंदिर मार्ग तक यात्रियों की भीड़ रहती थी वहीं अब आवाजाही काफी कम हो गई है। होटल और रेस्टोरेंट कारोबार भी प्रभावित हुआ है।


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं. | T-03-TRD-MB-26-27 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के ऋषिकेश स्टेशन पर रैंप के साथ उच्च–स्तरीय प्लेटफॉर्म और एफओबी की व्यवस्था के अनुसार टी.आर.डी. का कार्य। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक व समय | 14.07.2026, 15:00 Hrs. |
| कार्य की अनुमानित लागत (₹) | ₹ 67,89,202.73/- (जीएसटी @18% सहित) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि (₹) | ₹ 1,35,800/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य (₹) | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 दिन |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 06 माह |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in, Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad |

निविदा सूचना सं.: Elect/TRD/MB/2026-27/TN-04 दिनांक: 23.06.2026 2165/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चर्तुथ द्वारा निम्नलिखित ई–टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये, जायेगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशी का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नही होगा। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 91-DRM-MB-26-27 Date:- 17.06.2026 | 95-DRM-MB-26-27 Date:- 22.06.2026 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Dewatering arrangement at various LHS in the section of Sr. DEN/IV/MB | Improvement of parking area, increase of PF width by cutting the earthwork and pitching and carryout the work of crossing FOB, etc in phase 2 under ABSS at Kotdwar station under Moradabad Division. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 16.07.2026 | 16.07.2026 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 39,99,976.32 | 4,79,37,816.35 |
| धरोहर राशि | 80,000.00 | 9,58,800.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 04 माह | 08 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 02.07.2026 | 02.07.2026 |

टेन्डर नं- Sr.DEN-IV/Publication/26-27 दिनांक : 23.06.2026 2154/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**सूचना संख्या 24/2026 दिनांक :- 22.06.2026**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू0) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्योरिटी | कार्य के पूरा करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनाँक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 23/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2026:– मुरादाबाद डिवीजन के एडीएसटीई/एमबी सेक्शन में एलसी गेट्स के इंटरलॉकिंग के लिए विद्युत कार्य (टीयूवी > 20000)। | 14734145.70 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद | 294700.00 | 6 (छ:) माह | निविदाएं दिनांक 14.07.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, मुरादाबाद |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2148/2026

## संक्षिप्त समाचार

### बागेश्वर में पूजा के दौरान मकान पर गिरा विशाल चीड़ का पेड़



बागेश्वर। कांडा तहसील क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को तेज बारिश तथा अंधड़ के कारण विशाल चीड़ का पेड़ आवासीय मकान पर गिर गया। घटना में छह लोग घायल हो गए हैं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सक उनका उपचार कर रहे हैं। वहीं, मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। मंगलवार देर शाम हुई बारिश और अंधड़ के कारण बनेगांव निवासी बंशीधर कांडपाल के आवासीय मकान पर चीड़ का विशाल पेड़ गिर गया। तब घर में पूजा–अनुष्ठान चल रहा था।

बारिश होने के कारण लोग घर के अंदर बैठे हुए थे। अचानक बिजली गिरने से वहां मौजूद छह लोग इसकी चपेट में आ गए।

**घटना में निम्न लोग हुए घायल**

दीपा देवी (39 वर्ष) पत्नी भास्कर पांडेय।
प्रेमा देवी (50 वर्ष) पत्नी रमेश चंद्र।
हंसी देवी (55 वर्ष) पत्नी पूरन चंद्र।
तुलसी देवी (48 वर्ष) पत्नी बंशीधर ।
मीना देवी (36 वर्ष) पत्नी गोविंद बल्लभ।
लीला देवी (50 वर्ष) पत्नी दिनेश चंद्र ।

घटना की सूचना मिलते ही ग्राम प्रधान कुंती देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य कविता बोरा तथा सूरज कुमार ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। सभी घायलों को तत्काल राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांडा पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है।

### उत्तराखंड के टिहरी में गुलदार का आतंक

नई टिहरी। टिहरी जनपद के विकासखंड थौलधार अंतर्गत ग्राम सौड़ उप्पू क्षेत्र में गुलदार के बढ़ते आतंक से ग्रामीणों में दहशत और भारी आक्रोश है। सोमवार देर रात गुलदार ने अलग–अलग घटनाओं में एक सात वर्षीय बच्ची और एक महिला को हमला कर घायल कर दिया। दोनों घायलों को जिला अस्पताल बौराड़ी में भर्ती कराया गया है।

सीढ़ियों से छत पर पहुंचा गुलदार

पहली घटना सोमवार रात करीब पौने नौ बजे की है। ग्राम सौड़ उप्पू निवासी रमेश राणा की सात वर्षीय पुत्री तानवी अपने दो मंजिला मकान की छत पर बैठकर पढ़ाई कर रही थी।

इसी बीच गुलदार सीढ़ियों के रास्ते छत पर पहुंच गया और मासूम पर झपट पड़ा। बच्ची के शोर मचाने और परिजनों के दौड़ने पर गुलदार वहां से भाग खड़ा हुआ। परिजनों ने लहूलुहान तानवी को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया।

### हरिद्वार–नजीबाबाद हाईवे पर आया हाथी

श्यामपुर। हरिद्वार–नजीबाबाद हाईवे पर एक बार फिर वन्यजीवों की आवाजाही से राहगीरों में हड़कंप मच गया। श्यामपुर क्षेत्र के पास अचानक एक हाथी मुख्य हाईवे पर आ धमका। हाईवे पर हाथी के आ जाने से दोनों ओर वाहनों की रफ्तार थम गई और कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया। स्थानीय निवासियों और राहगीरों ने तुरंत इसकी सूचना वन विभाग को दी।

सूचना मिलते ही वन मौके पर पहुंची। वन कर्मियों ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए हाथी को बिना कोई नुकसान पहुंचाए, सुरक्षित तरीके से वापस जंगल की ओर खदेड़ दिया।


**उत्तर रेलवे**

**ई–नीलामी सूचना**

मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 10 एस.एल.आर गाड़ी स० 19610 (R-I), 12402 (R-1), 13038 (F-I), 15120 (F-I), 14314 (R-I), 13036 (F-I), 22918 (F-I), 19032 (F-I), 14236 (F-I), 15002 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 3 साल की अवधि के लिए देने हेतु ई–नीलामी के तहत दिनांक 09.07.26 (Timings: 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2163/26

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चौक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेंडर संख्या दिनांक | 89-DRM-MB-26-27 Dt. 19.06.2026 | 90-DRM-MB-26-27 Dt. 19.06.2026 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Improvement of Roorkee (RK) and Laksar (LRJ) Yards in section of SSE/P.way/RK under ADEN/RK | Improvement of Haridwar (HW), Dehradun(DDN), Yog Nagari Rishikesh (YNRK) and Raiwala (RWL) Yards in section of SSE/P.way/DDN under ADEN/HW |
| निविदा का प्रकार | Works | Works |
| निविदा की कीमत | Nil | Nil |
| अनुमानित लागत | 3,47,99,156.17 | 4,07,00,568.38 |
| धरोहर राशि | 6,96,000.00 | 8,14,000.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 16.07.2026 16:00 | 16.07.2026 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 02.07.2026 | 02.07.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 Months | 12 Months |

टेन्डर न.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 22.06.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2144/26

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि 15.07.2026 है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 15:30 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 05-GSU-MB-26-27 22.06.2026 |
|---|---|
| कार्य का नाम | ABSS: Upgradation of Aonla Station of Moradabad Division under Amrit Bharat Scheme. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 15/07/2026, 15:30 Hrs. |
| अनुमानित लागत | 35365405.31 |
| धरोहर राशि | 707300.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 01/07/2026 |

No. Dy.CE/GSU/MB/Publication-05/26-27 दिनांक: 22.06.2026 2139/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# भैरव बाबा का तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : विकासखंड कल्जीखाल के ग्राम गढ़कोट में कालानाथ भैरव बाबा का तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान विधिवत सम्पन्न हो गया। धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों और प्रवासी बंधुओं ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग कर पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। ग्राम प्रधान संगीता देवी ने बताया कि भैरव बाबा का अनुष्ठान 20 जून से शुरू हुआ। तीन दिनों तक गंगा स्नान, मूर्ति पुनर्स्थापना, रात्रि कीर्तन-भजन और मंडाण जैसे धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। अंतिम दिवस पर गांव की सुख-शांति और समृद्धि के लिए शांति पाठ, पूर्णाहुति और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख गीता देवी, जिला पंचायत सदस्य सविता देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य कविता देवी, अंजू रावत, सामाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी और जसवीर रावत ने मंदिर पहुंचकर बाबा भैरव का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। क्षेत्रवासियों ने बताया कि गढ़कोट स्थित भैरव बाबा मंदिर पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत रमणीक स्थल पर स्थित है, जहां से चारों दिशाओं का मनमोहक दृश्य दिखाई देता है। स्थानीय मान्यता के अनुसार यहां



के भैरव बाबा को लंगूर गढ़ी भैरव का अंश माना जाता है। सामाजिक कार्यकर्ता जगमोहन डांगी ने कहा कि गढ़कोट गांव का विकास सामूहिक भागीदारी और संगठित समाज की मिसाल है। कहा कि प्राकृतिक सुंदरता और सांस्कृतिक विरासत के चलते गढ़कोट को हेरिटेज गांव का दर्जा दिया जा सकता है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान घंडियाल अनीता देवी, पूर्व प्रधान प्रिया रावत, पूर्व प्रधान पुष्पा देवी, वरिष्ठ नागरिक पीतांबर सिंह रावत, गढ़कोट भ्रात मंडल अध्यक्ष रविंद्र सिंह रावत, बालम सिंह रावत, विनोद रावत, संजय रावत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### प्राथमिकता के आधार पर पूरी होंगी मांगे

गढ़कोट गांव के प्रवासियों की सामाजिक संस्था गढ़कोट भ्रात मंडल पिछले दस वर्षों से गांव को संगठित कर आदर्श गांव बनाने की दिशा में कार्य कर रही है। संस्था ने गढ़वाल के ऐतिहासिक स्थल लकुंदर गढ़ी स्थित प्राचीन नागदेव मंदिर और गढ़कोट की ऊंची चोटी पर स्थित कुलदेवी मां भुवनेश्वरी मंदिर के जीर्णोद्धार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस बार भैरव बाबा मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजय डबराल और वर्तमान जिला पंचायत सदस्य सविता देवी के सहयोग से मंदिर परिसर में भव्य टीन शेड का निर्माण कराया गया। ब्लॉक प्रमुख गीता देवी ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र की सभी आवश्यक मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

## मुखानी के केवीएम स्कूल भवन में लगी भीषण आग




हल्द्वानी। हल्द्वानी के मुखानी स्थित केवीएम स्कूल में मंगलवार की शाम को आग लगने की बड़ी घटना सामने आई। स्कूल भवन में भीषण आग लगने से बिल्डिंग धू–धू कर जलने लगी।

### केंद्र सरकार ने उत्तराखंड के लिए खोला खजाना, 2355 करोड़ स्वीकृत

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : केंद्र सरकार ने उत्तराखंड के लिए ह्लपूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत कुल 2355 करोड़ रुपए स्वीकृत किये है ।वित्त मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार ह्लपूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत कुल 71.94 करोड़ रुपए स्वीकृत किया गया है। जबकि इसी योजना में संचालित ह्लप्राइड ऑफ हिल्स (पर्वतीय राज्यों के लिए विशेष विकास सहायता योजना)ह्व के तहत उत्तराखंड के लिए कुल 2283.60 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इन दोनों स्वीकृति के बाद भारत सरकार, राज्य को वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 के दौरान इस योजना के तहत कुल अब तक 2355.54 करोड़ रुपए प्रदान कर चुकी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए केंद्र सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार उत्तराखंड के विकास में पूरा सहयोग कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को दी श्रद्धांजलि



**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं महान शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भावपूर्ण स्मरण किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्र की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रति समर्पित जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने देशहित को सर्वोपरि रखते हुए राष्ट्रीय एकीकरण के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनका त्याग, संघर्ष और राष्ट्रसेवा का आदर्श भावी पीढ़ियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री ने डॉ. मुखर्जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान को नमन करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## ग्रामीणों ने मशाल जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल : धारपंयाकोटी-कुनियाड़-रतकाली मार्ग के निर्माण की मांग के लिए क्षेत्रवासियों ने जिला कांग्रेस कमेटी देवप्रयाग के जिलाध्यक्ष एवं जिला पंचायत सदस्य उत्तम सिंह असवाल के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने सरकार और क्षेत्रीय विधायक पर सड़क निर्माण में लगातार देरी का आरोप लगाया। कहा गया कि वर्ष 2017-18 में तत्कालीन मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने गांव के लिए सड़क की घोषणा की थी, लेकिन आज तक तीन किलोमीटर सड़क भी नहीं बन पाई है।

उत्तम सिंह असवाल ने आरोप लगाया कि विधायक विनोद कंडारी लगातार सड़क निर्माण का आश्वासन दे रहे हैं, जबकि हर वर्ष केवल सर्वे ही कराए जा रहे हैं। हाल ही में विधायक की ओर से टेंडर होने की बात कही गई थी, लेकिन तीन बार सर्वे के बाद भी निर्माण शुरू नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि लोनिवि की ओर से तीन किमी. और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत सात किमी. सड़क का सर्वे पूरा होने के बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। सड़क न होने से बीमार लोगों को अस्पताल तक पहुंचाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। महिपाल सिंह पंवार और पुरुषोत्तम उनियाल ने चेतावनी दी यदि जल्द निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा और विधायक का गांवों में विरोध किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों उम्मेद सिंह कंडारी, सते सिंह कंडारी, तोता सिंह कंडारी, धर्म सिंह कंडारी, अजय सिंह कंडारी और रामलाल नौटियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा की 12 जुलाई को

गढ़वाल केंद्रीय विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तैयारी भी जोरों पर हैं। इसके लिए 12 जुलाई की तिथि निर्धारित की गई है। प्रवेश परीक्षा समन्वयक डॉ. प्रीतम सिंह नेगी ने बताया कि छात्रों की मांग पर 22 और 23 जून को पीएचडी में आवेदन के लिए पोर्टल को पुनः खोला था। इन दो दिनों में 70 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं।

### शराब परोसने पर ढाबा संचालक पकड़ा

देहरादून। सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब परोसना ढाबा मालिक को भारी पड़ गया। पुलिस ने ढाबे पर छापा मारकर अवैध रूप से ग्राहकों को शराब परोस रहे ढाबा संचालक को रंगेहाथ पकड़ लिया।

मुखबिर की सूचना पर एक ढाबे पर औचक छापे मारे गए। छापे के दौरान पुलिस ने एक युवक को अपने ढाबे में सार्वजनिक रूप से ग्राहकों को अवैध तरीके से शराब परोसते और पिलाते हुए पाया। पुलिस ने आरोपी को मौके से रंगेहाथ पकड़ा और देसी शराब के तीन पव्वे व एक बीयर की बोतल बरामद की। पुलिस अधिकारी के अनुसार सार्वजनिक स्थान पर अवैध रूप से शराब परोसना या पिलाना पूरी तरह गैर–कानूनी है। ऐसे कृत्य से क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग होती है। पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## कोसी नदी में नहाते समय डूबा रिसोर्ट कर्मी

रामनगर (नैनीताल)। कोसी नदी में नहाते समय एक रिसोर्ट कर्मी की डूबने से मौत हो गई। तीन घंटे की तलाश के बाद युवक का शव गहरे कुंड में बरामद हुआ। शव को पोस्टमार्टम के लिए रामनगर भिजवाया गया है। जिला अल्मोड़ा के ग्राम कनार रानीखेत निवासी अजय आर्या (22) पुत्र बची राम ढिकुली के रिसोर्ट में कार्यरत हैं।

मंगलवार को उसका अवकाश था, वह अपने एक साथी के साथ रिसोर्ट के पीछे कोसी नदी में नहा रहा था। नहाने के दौरान अजय नदी में गहरे कुंड में डूब गया।

इससे वहां नहा रहे लोगों में हड़कंप मच गया। कुछ लोगों ने उसे तलाशने का प्रयास किया, लेकिन वह नहीं मिला। सूचना पर पुलिस, अग्निशमन कर्मी भी



पहुंचे। इस बीच एसडीआरएफ की टीम भी नैनीताल से पहुंची।

टीम ने उसकी तलाश की। चार बजे उसका शव बरामद हुआ। युवक की मौत हो चुकी है। पुलिस ने शव को सरकारी अस्पताल भिजवा दिया। बता दें कि रामनगर में एक माह के भीतर कोसी नदी में तीन युवक व एक युवती की डूबने से मौत हो चुकी है।

## मुख्य सचिव ने संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई के दिए निर्देश

देहरादून ,मुख्य सचिव आनंद वर्धन की अध्यक्षता में सचिवालय सभागार में आगामी अगस्त में सवीच्च न्यायालय, नई दिल्ली में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत (समाधान समारोह–2026) में राज्य की ओर से रखे जाने वाले लोक अदालत से संबंधित लंबित वादों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उच्चतम न्यायालय की 21 से 23 अगस्त 2026 तक आयोजित होने वाली इस विशेष लोक अदालत में विभागवार लंबित मामलों की स्थिति तथा समन्वय व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की गई।




मुख्य सचिव ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि चिन्हित मामलों का गंभीरता से परीक्षण करते हुए समझौते की संभावनाओं पर प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाए, जिससे अधिकतम मामलों का निस्तारण संभव हो सके। बैठक में अवगत कराया गया कि उत्तराखण्ड राज्य से विभिन्न विभागों एवं विधिक श्रेणियों के कुल 199 मामलों को विशेष लोक अदालत के लिए चिन्हित किया गया है। इन मामलों में दीवानी एवं फौजदारी प्रकरण, बैंकिंग, सिविल, उपभोक्ता विवाद, पारिवारिक विवाद, श्रम एवं औद्योगिक कानून, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, संपत्ति कर, किराया नियंत्रण, बेदखली, सेवा संबंधी मामले तथा स्थानांतरण याचिकाएं शामिल हैं। मुख्य सचिव ने सभी विभागीय नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संबंधित पक्षों से प्रभावी संवाद स्थापित कर मामलों के सौहार्दपूर्ण समाधान हेतु सक्रिय प्रयास करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग नियमित समीक्षा करते हुए प्रगति की जानकारी उपलब्ध कराए तथा राज्य स्तर और जिला स्तर पर समन्वय को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए।

उन्होंने यह भी कहा कि विशेष लोक अदालत न्याय व्यवस्था में वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिससे नागरिकों को लंबी न्यायिक प्रक्रिया से राहत मिलेगी तथा समय और संसाधनों की बचत होगी।

## अल नीनो और पश्चिमी विक्षोभ ने रोका रास्ता

### उत्तराखंड में जुलाई के पहले हफ्ते तक पहुंचेगा मानसून

नैनीताल। मानसून प्रभावित होने के पीछे अल नीनो के साथ ही पश्चिमी विक्षोभों का मार्च अप्रैल तक सक्रिय रहना बड़ा कारण रहा है। जिस कारण मानसूनी वर्षा प्रभावित होने लगी है ।विशेष बात यह भी है कि जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून की दिशा भी अब बदलने लगी है, जो पश्चिम भारत की ओर शिफ्ट होने लगा है।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के वरिष्ठ पर्यावरण विज्ञानी डा. नरेंद्र सिंह ने बताया कि अल नीनो सक्रिय हो चला है और इससे अधिक तीव्र होने की संभावना बनी हुई है ।इसके अधिक तीव्रता का असर जुलाई–अगस्त में देखे जाने की उम्मीद है। अल नीनो सक्रिय होने से मानसून प्रभावित होता है, जिस कारण माना जा रहा कि इसकी वजह से मानसून पर ब्रेक लग गया है। यानी वर्षा तो कम होगी ही, इसके पहुंचने में विलंब भी हो रहा है।



अल नीनो प्रभाव मानसून पर कितना असर डालेगा, इसका पता आगे के कुछ महीनों बाद चलेगा लेकिन पश्चिमी विक्षोभों का दिसंबर और जनवरी में सुस्त रहना और मार्च व अप्रैल तक सक्रिय रहना मानसून को प्रभावित करने का एक बड़ा कारण हो सकता है।

### बाइक सवार से स्मैक बरामद

रूड़की। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को बाइक समेत स्मैक तस्करी में गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से स्मैक बरामद बरामद की गई है। पुलिस टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया था। इसी दौरान बाइक से आ रहे संदिग्ध को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर संदिग्ध ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पुलिस ने बताया कि तलाशी लेने पर तौसीब निवासी कालेवाला कोतवाली भगवानपुर के पास से 6.10 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल की जा रही बाइक को भी कब्जे में लेकर सीज कर दी। कोर्ट की पेशी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।


**जयन्त**

**संस्थापक : नरेन्द्र उनियाल**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से मुद्रित तथा बदरीनाथ मार्ग, कोटद्वार गढ़वाल (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित।

**सभी विवादों का न्याय क्षेत्र कोटद्वार, (गढ़वाल) उत्तराखण्ड होगा।**

CONT. 9412081969
PRGI NO. 35469/79

